भारत सरकार
संचार मंत्रालय
डाक विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3993
उत्तर देने की तारीख 17 जुलाई, 2019

स्पीड पोस्ट केन्द्र

3993. श्री संजय हरिभाऊ जाधव :
श्री ओम पवन राजे निंबालकर :

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) महाराष्ट्र सहित देश में राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कितने स्पीड पोस्ट केन्द्र कार्य कर रहे हैं;

(ख) क्या सरकार का विचार महाराष्ट्र सहित संपूर्ण देश में और ऐसे केन्द्र स्थापित करने का है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है और इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

संचार, विधि और न्याय तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री रविशंकर प्रसाद)

(क) एक नई प्रचालन व्यवस्था के अंतर्गत डाक विभाग ने स्पीड पोस्ट केंद्रों के नाम को बदल कर नैशनल सॉर्टिंग हब (एनएसएच) और इंट्रा सर्कल हब (आईसीएच) कर दिया है। आज की स्थिति के अनुसार, 91 नैशनल सॉर्टिंग हब हैं और 149 इंट्रा सर्कल हब हैं जिन्हें नैशनल सॉर्टिंग हब से संबद्ध किया गया है। राज्य-वार ब्यौरा **अनुबंध-।** में दिया गया है।

(ख) से (घ) नैशनल सॉर्टिंग हब/इंट्रा सर्कल हब के उन्नयन/अवनयन/बंद किए जाने तथा स्थापित किए जाने संबंधी मामलों पर डाक की मात्रा, भूगौलिक स्थिति, प्रचालनात्मक व्यवहार्यता आदि के आधार पर विचार किया जाता है। वर्तमान में, विभाग को महाराष्ट्र सर्कल से एक प्रस्ताव प्राप्त हुआ है, जो लातूर में एक इंट्रा सर्कल हब बनाए जाने के संबंध में है। इस प्रस्ताव की जांच की जा रही है।

अनुबंध-I

स्पीड पोस्ट केंद्रों के संबंध में माननीय संसद सदस्य, श्री संजय हरिभाऊ जाधव और श्री ओम पवन राजे निंबालकर द्वारा 17 जुलाई, 2019 को लोक सभा में उठाए गए अतारांकित प्रश्न संख्या 3993 के पैरा (क) से (घ) के उत्तर के संदर्भ में विवरण

नैशनल सॉर्टिंग हब (एनएसएच) और इंट्रा सर्कल हब (आईसीएच) की संख्या (राज्य-वार)

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्यक्षेत्र	नैशनल सॉर्टिंग हब	इंट्रा सर्कल हब
1	आंध्र प्रदेश	4	10
2	अरूणाचल प्रदेश	1	-
3	असम	2	5
4	बिहार	4	3
5	छत्तीसगढ़	1	4
6	दिल्ली	1	-
7	गोवा	1	-
8	गुजरात (दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव सहित)	4	13
9	हरियाणा	4	3
10	हिमाचल प्रदेश	2	4
11	जम्मू एवं कश्मीर	2	-
12	झारखंड	3	3
13	कर्नाटक	7	6
14	केरल (लक्षद्वीप सहित)	5	3
15	मध्य प्रदेश	4	9
16	महाराष्ट्र	4	17
17	मणिपुर	1	-
18	मेघालय	1	-
19	मिजोरम	1	-
20	नगालैंड	1	-
21	ओडिशा	4	6
22	पंजाब (चंडीगढ़ सहित)	4	4
23	राजस्थान	**3**	10
24	तमिलनाडु (पुदुच्चेरी सहित)	7	12
25	तेलंगाना	2	3
26	त्रिपुरा	1	-
27	उत्तर प्रदेश	10	18
28	उत्तराखंड	1	6
29	पश्चिम बंगाल (सिक्किम एवं अंडमान निकोबार द्वीप समूह सहित)	4	10
	कुल	**91***	**149**

* सेना डाक सेवा के लिए दो (2) अतिरिक्त सॉर्टिंग हब स्थापित किए गए हैं।

*****